प्रेस विज्ञप्ति

डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया



नई दिल्ली, जुलाई 1, 2026

डॉ. बिजय कुमार मोहंती, निदेशक (वित्त) ने आज भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा उन्हें तीन माह के लिए या नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

डॉ. मोहंती 12 अक्टूबर, 2023 से इरेडा के निदेशक (वित्त) एवं 16 अक्टूबर, 2023 से कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वह इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं, और ओडिशा के उत्कल विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री के साथ-साथ दर्शनशास्त्र (वाणिज्य) और लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर, उत्कल विश्वविद्यालय से विधि स्नातक और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर से वाणिज्य में दर्शन में डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की है। इरेडा में शामिल होने से पूर्व, उन्होंने आर.ई.सी. पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आर.ई.सी.पी.डी.सी.एल.) में स्मार्ट मीटरिंग डिवीजन का नेतृत्व किया और आर.ई.सी. लिमिटेड में वरिष्ठ महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान की है।

इरेडा, आर.ई.सी., सी.ई.एस.सी.ओ. एवं ग्रिडको में 27 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, डॉ. मोहंती परियोजना वित्तपोषण, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली क्षेत्र के विकास में समृद्ध अनुभव रखते हैं।

उन्होंने श्री प्रदीप कुमार दास से पदभार ग्रहण किया, जो 30 जून को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा के पद से सेवानिवृत्त हुए है।